Volume:1 Issue:17 October2016

# E-newsletter

## (Monthly Publication)

## Kanpur Municipal Corporation

स्मार्ट कानपुर स्वच्छ कानपुर

Address: Motijheel, Kanpur - 208 002, Uttar Pradesh
Website - http://kmc.up.nic.in,
Email– Kanpur_nagar.nigam@yahoo.co.in
Phone– 0512 254 1258/6194, Fax– 0512 252 5554
Online complaint No. - 0512 252 6004/05, Toll Free No. - 18001805124

Volume:1 Issue:17 October2016

# मासिक ई-न्यूज़लेटर


संरक्षक

श्री जगतवीर सिंह द्रोण
मा० महापौर
श्री उमेश प्रताप सिंह
नगर आयुक्त

परामर्श मण्डल

श्री अजय प्रताप सिंह
मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी
इं० एम० के० सिंह
मुख्य अभियंता (सिविल)

महाप्रबंधक,जलकल

सह संपादक

श्री वी०के० सिंह
उद्यान अधीक्षक
डॉ ए०के० सिंह
पशु चिकित्सा अधिकारी

कंप्यूटर टंकण/डिज़ाइन

संदीप कुमार तिवारी


## Index


1— मेट्रो परियोजना का शिलान्यास |

2— कूड़ा निस्तारण को प्लांट में भूमि पूजन|

3 — स्वच्छ भारत योजना |

4 — भैरोंघाट द्वार का लोकार्पण |

5 — सेवानिवृत्त कर्मचारियों की देयको सहित बिदाई |

6 – संविदा सफाई कर्मी भर्ती |

7–- डोर टू डोर कलेक्शन हेतु ई-टेंडरिंग |

8—मतदाता जागरूकता मेला |

9 — विश्व हाथ धोओ दिवस |

10 —संविदा सफाई कर्मी भर्ती

11 — डोर टू डोर कलेक्शन हेतु ई-टेंडरिंग

12 -नगर आयुक्त जी द्वारा नानाराव पार्क का निरिक्षण

13— नगर आयुक्त जी द्वारा जोन 6 स्थित पार्को का निरिक्षण

14-नगर आयुक्त जी द्वारा गौशाला का औचक निरीक्षण

15-स्मार्ट सिटी हेतु कार्यशाला

16-नगर निगम से सम्बंधित प्रकाशित खबरें


*ई-पत्रिका के सम्बन्ध में किसी प्रकार का सुझाव पर kmcenewsletter@gmail.com मेल किया जा सकता है*

*प्रकाशक — नगर निगम,कानपुर*

# 1- मेट्रो परियोजना का शिलान्यास



दिनांक 04.10.2016 का दिन कानपुर वसियो के लिए खुशख़बरी लेकर आया और शहर की जनता को आने वाले वर्षो में जाम और प्रदुषण से मुक्ति दिलाने हेतु भारत सरकार और राज्य सरकार के सयुक्त प्रयास से मेट्रो परियोजना की आधारशीला रख दी गयी | मंगलवार को पालिका स्टेडियम में भव्य समारोह में प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव , माननीय केन्द्रीय शहरी विकास आवास एवं शहरी गरीबी उपशमन मंत्री श्री एम०वैकेंया०नायडू और माननीय सांसद श्री मुरली मनहोर जोशीने बटन दबाकर 13,721 करोड़ रूपये की मेट्रो रेल परियोजना का शिलान्यास किया जिसके अंतर्गत कानपुर में मेट्रो रेल परियोजना में दो कारीडोर में मेट्रो का योजना का निर्माण होगा | पहेले कारीडोर में आई०आई०टी से नौबस्ता तक लम्बाई 23.785 किमी लागत 9840 करोड़ रु जिसमे एलिवेटेड ट्रैक 15.264, भूमिगत 8.621 होगी, दुसरे कारीडोर में बर्रा 8 से सीएसए तक लम्बाई 8.60 किमी, लागत 3881 करोड़ रु एलिवेटेड ट्रैक 4.191 किमी भूमिगत 4.410, होगी | पालिका स्टेडियम में शिलान्यास के साथ ही पोलिटेक्निक में मेट्रो यार्ड का काम शुरू हो गया| इस अवसर पर कानपुर नगर के माननीय सांसद श्री देवेन्द्र सिंह भोले ,माननीय महापौर श्री जगतवीर सिंह द्रोण, नगर आयुक्त श्री उमेश प्रताप सिंह, माननीय विधायक श्री इरफ़ान सोलंकी, श्री रघुनंदन सिंह भदौरिया, श्री सलिल विश्नोही, श्री अरुण पाठक, आदि लोग उपस्थित रहे |

भारत सरकार और राज्य सरकार की सयुक्त मेट्रो रेल परियोजना के शिलान्यास के बाद माननीय मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने कानपुर की जनता को बधाई देते हुए विश्वास दिलाया कि जितनी तेज़ी से लखनऊ में मेट्रो परियोजना पर काम हुआ , उतनी ही तेज़ी से कानपुर में भी होगा |

## 2. कूड़ा निस्तारण को प्लांट में भूमि पूजन



सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट योजना के अंतर्गत नगर आयुक्त श्री उमेश प्रताप सिंह द्वारा पनकी भाऊ सिंह में स्थित कूड़े को निस्तारित करने हेतु बनाये गए सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट प्लांट में भूमि पूजन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। प्लान्ट में आई0एल0एण्ड०एफ0एस0 के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री शशांक शुक्ल भी उपस्थित रहे । प्लांट के मुख्य द्वार के पास से काफी मात्रा में कूड़े को हटाया जा चुका है। प्रोजेक्ट मैनेजर श्री शुक्ला द्वारा बताया गया कि में आई0एल0एण्ड०एफ0एस0 द्वारा कार्य को सम्भाल लिया गया है। शीघ्र ही कूड़े के निस्तारण की कार्यवाही की जायेगी। नगर आयुक्त ने भूमि पूजन के अवसर पर निर्देश दिया कि कि यहाँ पर पूर्व में बने लॉन को पुनः विकसित करने के उद्देश्य से बचे हुए कूड़े को उठाकर कार्यालय के पीछे प्लान्ट की ओर ले जाया जाये। कूडे को और पीछे की ओर ढकेला जाये ताकि और अधिक मात्रा में कूड़े को रखा जा सके। प्लांट एवं कार्यालय को व्यवस्थित करते हुए कूड़ा निस्तारण की कार्यवाही शीघ्रातिशीघ्र सुनिश्चित कराई जाये। सी0सी0टी0वी0 कैमरे शीघ्र संचालित करते हुए मॉनीटरिंग की जाये। भूमि पूजन के अवसर में अपर नगर आयुक्त प्रथम श्री जीतेन्द्र मोहन सिंह, अपर नगर आयुक्त द्वितीय श्री विनोद कुमार गुप्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 पंकज श्रीवास्तव, मुख्य अभियंता सिविल श्री मनीष कुमार सिंह, अधिशाषी अभियंता आर०के०सिंह,अधिशाषी अभियंता एम०के०सिंह व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



*अपने नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। कूड़ा सड़क पर ना फेंके। पॉलिथीन का प्रयोग ना करें।*

## 2. स्वच्छ भारत योजना

15अक्टूबर 2016 तक व्यक्तिगत शौचालय निर्माण हेतु प्राप्त एवं स्वीकृत आवेदनों तथा पूर्ण शौचालयों का विवरण निम्नवत है|

| ऑनलाइन अबतक कुल प्राप्त आवेदनों की संख्या | जाँच किये गए आवेदनों की संख्या | निरस्त आवेदनों की संख्या | नियमानुसार सत्यापित आवेदनों की संख्या | लाभांश हेतु स्वीकृत आवेदनों की संख्या | पूर्ण निर्मित शौचालय |
|---|---|---|---|---|---|
| 8749 | 3705 | 374 | 3412 | 1297 | 2195 |

<u>स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत बनाये जा रहे समुदायिक/ सार्वजानिक शौचालयों की सूचना|</u>

15 अक्टूबर 2016 तक समुदायिक/ सार्वजानिक शौचालय के निर्माण की व्यवस्था है जिनका विवरण निम्नवत है|

<u>सामुदायिक शौचालय</u>

| *कुल लक्ष्य 5 वर्षो का (सीट) | वार्षिक लक्ष्य (सीट) | प्रगति |
|---|---|---|
| 1292 | 259 | 97 शौचालयों (970 सीट) के आगणन तैयार कर ,उक्त में से 97 शौचालयों की निविदा आमंत्रित। जिसमे 11 शौचालयों के कार्य प्रारम्भ किया जा चूका है \| और 61 शौचालयों के निर्माण हेतु पुनः निविदा आमंत्रित की जानी है। |

*अपने नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। कूड़ा सड़क पर ना फेंके। पॉलिथीन का प्रयोग ना करें।*

## सार्वजनिक शौचालय:-

| 02 अक्टूबर, 2014 के उपरान्त पी0पी0पी0 के आधार पर निर्मित/निर्माणाधीन सार्वजनिक शौचालय | | | | |
|---|---|---|---|---|
| भारत सरकार के पत्र सं0 12/15/2015-SBM, dt. 6 Oct., 2015 द्वारा निर्धारित कुल लक्ष्य | वार्षिक लक्ष्य (सीट) | निर्मित शौचालयों/सीटों की संख्या | निर्माणाधीन शौचालयों/सीटों की संख्या | प्रगति पर शौचालय |
| 2162 | 433 | 24/147 | 49/305 | वभिन्न संस्थाओं से 49 स्थलों पर सार्वजनिक शौचालय पी0पी0पी0 मॉडल पर बनाने हेतु अनुबंध किया गया है। 03 स्थलों पर कार्य प्रगति पर है एवं 06 स्थलों पर विवाद के कारण कार्य रूका हुआ है। अवशेष स्थलों पर कार्य प्रारम्भ कराने हेतु कार्यवाही की जा रही है।<br>मे0 स्वच्छ सुदीप फाउडेशन, लखनऊ को कार्यादेश संख्या डी/169/अधि0अभि0/प्रो0सेल/2015-16 दिनांक 27.02.2016 के द्वारा 30 सार्वजनिक शौचालयों के बी0ओ0.टी0 के आधार पर 06 माह में निर्माण कार्य सम्पादित करते हुये रखरखाव एवं संचालन हेतु निर्गत किया गया।<br>सी.एस.आर. स्कीम, कोल इण्डिया लि0 के अंतर्गत 02 सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण कार्य प्रगति पर है।<br>मे0 सुमति सेवा समिति के द्वारा 16 स्थलों पर सार्वजनिक शौचालयों के  निर्माण हेतु अनुबंध किया गया है। 04 स्थल पर कार्य पूर्ण, 01 प्रगति पर है। |

*अपने नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। कूड़ा सड़क पर ना फेंके। पॉलिथीन का प्रयोग ना करें।*

## 5 भैरोंघाट द्वार का लोकार्पण




दिनांक 28.10.2016 को भैरोंघाट में नव निर्मित प्रवेश द्वार का लोकार्पण मा0 महापौर कै0 जगतवीर सिंह द्रोण एवं नगर आयुक्त श्री उमेश प्रताप सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर भैरो विकास समिति के प्रस्तावक श्री कवरजीत सपरा, वार्ड 1 के पार्षद श्री मदन बाबू, अपर नगर आयुक्त श्री विनोद कुमार गुप्ता , मुख्य अभियन्ता सिविल श्री मनीष कुमार सिंह, अधिशाषी अभियंता श्री एस0आर0 गुप्ता, उद्यान अधीक्षक श्री वी0के0 सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## 6 सेवानिवृत्त कर्मचारियों की देयको सहित बिदाई




नगर निगम मुख्यालय स्थित समिति कक्ष में मा0 महापौर श्री जगतवीर सिंह द्रोण व नगर आयुक्त श्री उमेश प्रताप सिंह द्वारा 31.10.16 को सेवा निवृत्त हुए 10 कर्मचारियों को माला पहनाकर, उनके समस्त सेवानिवृत्त देयकों के साथ शाल व मिठाई देकर बिदाई की गयी । मा0 महापौर जी ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आर्शीवचन दिये तथा उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर नगर निगम के पार्षदगणों के अतिरिक्त अपर नगर आयुक्त श्री राकेश कुमार गुप्ता , मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी श्री अजय प्रताप सिंह, सम्बन्धित जोनल अधिकारी, व नगर निगम के अन्य अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।

*अपने नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। कूड़ा सड़क पर ना फेंके। पॉलिथीन का प्रयोग ना करें।*

संविदा सफाई कर्मचारियों के भर्ती प्रक्रिया में प्राप्त आवेदन पत्रों को रजिस्टर में नाम्नंकित करते कर्मचारी |





संविदा सफाई कर्मचारियों के भर्ती प्रक्रिया में प्राप्त आवेदन पत्रों को नगर निगम के अधिकारीयों के उपस्थित में कंप्यूटर में प्रविष्ट करते आउट सोर्सिंग के कर्मचारी |

## डोर टू डोर कलेक्शन हेतु ई-टेंडरिंग



नगर निगम कानपुर ने सॉलिड वेस्ट मनेजमेंट योजना के अंतर्गत डोर टू डोर कलेक्शन हेतु ई-टेंडरिंग के माध्यम से निविदा मांगी गयी थी जिसमे विभन्न कंपनी के प्रतिनिधियों ने इस प्रक्रिया में भाग लिया | ई-टेंडरिंग के माध्यम से मांगी गयी निविदा में जे०टी०एन को सभी जोन से कूड़ा उठाने का काम दिया गया | इस व्यवस्था में जे०टी०एन शहर के 4 जोनों में कलेक्शन का 11.66 % एवं जोन-5 में कलेक्शन का 13.66 % नगर निगम को देगी | नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पंकज श्रीवास्तव ने बताया की दिवाली के बाद से शहर में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का कार्य संस्था द्वारा प्रारम्भ कर दिया जायेगा जिससे शहर की जनता को कड़े की समस्या से निजात मिल जायेगी |

## 9-मतदाता जागरूकता मेला

दिंनाक 18.10.2016 को कानपुर नगर की जनता को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक करने हेतु मतदाता जागरूकता मेला का आयोजन नगर निगम कानपुर के प्रांगण में किया गया | मतदाता जागरूकता अभियान के अवसर पर नगर निगम के अपर नगर आयुक्त प्रथम श्री जीतेन्द्र मोहन सिंह के साथ-साथ नगर निगम के समस्त जोनल अधिकारी एवं नगर की 6 विधान सभा के सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों ने भी शिरकत किया , और जनता को अपने मताधिकार क प्रति जागरूक किया एवं निर्वाचनलिस्ट में उनके नामो को भी संशोधित करने के लिए उनके फॉर्म जमा किया एवं नये नामो को शामिल करने हेतु उनके फॉर्म भी जमा कराये|



## विश्व हाथ धोओ दिवस

विश्व हाथ धोओ दिवस में महापौर कैo जगतवीर सिंह द्रोण एवं नगर आयुक्त श्री उमेश प्रताप सिंह द्वारा किया गया।नगर निगम परिवार और श्रमिक भारती के द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत कानपुर में जागरूकता अभियान चलाया गया|



*अपने नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। कूड़ा सड़क पर ना फेंके। पॉलिथीन का प्रयोग ना करें।*

## 9– नगर आयुक्त जी द्वारा नानाराव पार्क का निरिक्षण



दिनांक 25.10.2016 को नगर आयुक्त महोदय श्री उमेश प्रताप सिंह द्वारा जोन-1 के अन्तर्गत नानाराव पार्क का निरीक्षण किया गया | निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पार्क की हैज व घास बड़ी-बड़ी है, पार्क में सफाई व्यवस्था अच्छी नहीं है, पत्ते-पत्तियां फैली पड़ी हैं। उद्यान अधीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि पार्क में 09 माली कार्यरत हैं। उद्यान अधीक्षक को निर्देशित किया गया, कि पार्क को 09 सेक्टर में बांटकर समस्त कार्य सुनिश्चित करायें तथा संतोषजनक कार्य न होने पर जिम्मेदारी निर्धारित करें। पार्क में नियमित सफाई व्यवस्था व अन्य समस्त कार्य सुनिश्चित कराया जायें।

## 9– नगर आयुक्त जी द्वारा जोन 6 स्थित पार्को का निरिक्षण



दिनांक 19.10.2016 को नगर आयुक्त महोदय श्री उमेश प्रताप सिंह द्वारा जोन-6 स्थित इन्दिरा पार्क,महारानी लक्ष्मी बाई पार्क, पाण्डु नगर का निरीक्षण किया गया |निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पार्क के पीछे के गेट के बाहर नाली के ऊपर रखी पटिया नीची है, नाली के किनारे-किनारे बड़ी-बड़ी घास व झाड़ियां हैं। पार्क के अन्दर की घास व हैज की कटिंग नहीं की गई है, झाड़ियां उगी हुई हैं, पेड़ों की कटिंग पड़ी है, पार्क में गंदगी है। उद्यान अधीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि पार्क समिति की देख-रेख हेतु समिति गठित है। इस पर नगर आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि सर्वप्रथम पार्क के पीछे के गेट के बाहर रखी पटिया को शीघ्रातिशीघ्र ऊंची कराते हुए आने-जाने हेतु रास्ता सुगम कराया जाये, नाली के किनारे-किनारे उगी घास व झाड़ियों को हटवाया जाये। पार्क की देख-रेख हेतु गठित समिति को इस आशय का नोटिस नियमानुसार निर्गत किया जाये कि पार्क की सुचारू रूप से देख-रेख न किये जाने के कारण क्यों न समिति को भंग करते हुए नई समिति गठित कर दी जाये, समिति के सदस्यों के साथ एक सप्ताह के अन्दर बैठक कार्य जाने का निर्देश दिया। साथ ही पार्क के अन्दर की घास, हैज व झाड़ियों की कटिंग भी शीघ्र करवाई जाये। पार्क के अन्दर गैंग लगाकर सफाई व्यवस्था शीघ्र सुनिश्चित कराये एवं महारानी लक्ष्मी बाई पार्क के अन्दर लगी महारानी लक्ष्मी बाई की प्रतिमा को ब्रांज कलर से शीघ्र पेंटिंग कराया जायें |

## 9– नगर आयुक्त जी द्वारा गौशाला का औचक निरीक्षण



दिनांक 25.10.2016 को नगर आयुक्त महोदय श्री उमेश प्रताप सिंह द्वारा डिफेन्स कालोनी, जाजमऊ स्थित नगर निगम गौशाला का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पशु चिकित्साधिकारी द्वारा अवगत कराया गया, कि इस समय गौशाला में 17 गायें हैं, 27 गायों को नियमानुसार जुर्माना आदि की वसूली कर छोड़ा गया है, गौशाला स्थित हैण्डपम्प खराब है। नगर आयुक्त ने निर्देश दिया कि गौशाला में स्वेच्छा से दान देने वालों के लिए दान रसीद रखी जाये, गौशाला का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये, ताकि समाजसेवी संस्थायें जुडें, बैरीकेडिंग लगाकर गायों को एक स्थान पर रखा जाये तथा बैरीकेडिंग में दो तरफ आने-जाने का स्थान भी छोड़ा जाये, गायों के खान-पान हेतु उचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाये, गायों के उपचार हेतु प्राथमिक/आवश्यक दवायें रखी जायें। गौशाला में इंटरलॉकिंग टाइल्स शीघ्र लगवाई जाये एवं गौशाला में लगे हैण्डपम्प को अविलम्ब जलकल विभाग द्वारा ठीक कराया जाये। इसके अतिरिक्त जोनल स्वच्छता अधिकारी जोन-2 को गौशाला की नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये । निरीक्षण के दौरान प्रभारी अपर नगर आयुक्त द्वितीय श्री विनोद कुमार गुप्ता, पशु चिकित्साधिकारी डा0 ए0के0 सिंह, एवं उद्यान अधीक्षक श्री वी0के0 सिंह आदि लोग मौजूद रहे |

## 9– स्मार्ट सिटी हेतु कार्यशाला




दिनांक 21.10.2016 को सी०आई०आई द्वारा लखनऊ में स्मार्ट सिटी योजना में उ०प्र के चयनित शहरों के लिए '' *स्मार्ट सिटी उत्तर प्रदेश* '' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया | कार्यशाला का उद्घाटन राज्यपाल महोदय श्री रामनाईक जी द्वारा किया गया | कार्यशाला में स्मार्ट सिटी में चयनित शहरों के नगर आयुक्तों ने शिरकित किया | कार्यशाला में आये डीजीपी जे अहमद ने कानून व्यवस्था पर प्रकाश डाला | पर्यावरण एवं अध्ययन केंद्र के एडीशनल डायरेक्टर ए०के गुप्ता ने स्मार्ट सिटी से संबधित जानकारी दी | कार्यशाला में कानपुर नगर निगम के नगर आयुक्त महोदय ने मार्ट से स्मार्ट पर जोर देते हुए लोगो को बताया की शहर में उद्योगों के रिवाइवल से मेनचेस्टर का स्वरुप भी लौट सकता है एवं शहर में चल रही अमृत, स्वच्छ भारत मिशन, मेट्रो आदि परियोजनाए कानपुर को स्मार्ट बनाने में सहायक होंगी | रिवरफ्रंट डेवलपमेंट, एजुकेशन हब बनाने से लेकर उधोगों को भी बढावा देकर मेनचेस्टर का स्वरुप भी दोबारा पाया जा सकता है| कार्यशाला में लखनऊ, वाराणसीऔर आगरा के नगर आयुक्तों द्वारा भी प्रस्तुतिकरण किया गया |इस अवसर पर नगर निगम कानपुर से स्मार्ट सिटी प्रभारी आर०के सिंह , परवेज़ खान मौजूद रहे|

